भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3228
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2019/18 अग्रहायण, 1941 (शक)

बढ़ती बेरोजगारी

3228. श्री राममोहन नायडू किंजरापुः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री शान्तनु ठाकुरः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवाः
डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में बढ़ती बेरोजगारी के क्या कारण हैं;

(ख) सरकार द्वारा स्थायी आधार पर गत 10 वर्षों में वर्ष-वार कितनी भर्तियां की गई हैं;

(ग) देश में वर्तमान में निजी कंपनियों द्वारा प्रदान किए जा रहे रोजगार अवसरों की कंपनी-वार संख्या कितनी है तथा बिहार, पश्चिम-बंगाल और गुजरात सहित तत्संबंधी राज्य-वार एवं संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या स्थानीय लोगों को कंपनी में नौकरी प्रदान किए जाने हेतु निजी कंपनियों के लिए कोई प्रावधान है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्तमान में कितने स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार मिला है तथा तत्संबंधी कंपनी-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर अनुमानित बेरोजगारी 6.0% थी।

सभी भर्ती अभिकरनों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से आंकड़े के अतिरिक्त इकत्रित करने के लिए कोई केंद्रीकृत अभिकरण नहीं है। सरकारी पद निर्धारित भर्ती नियमों के अनुपालन में नियमित रूप से भरे जाते हैं। केंद्र सरकार के प्रमुख अभिकरणों के माध्यम से वर्षवार/संख्या, जैसा कि श्रम और रोजगार मंत्रालय में उपलब्ध है, नीचे दिया गया हैः-

वर्ष	यूपीएससी संस्तुतय अभ्यर्थियों की संख्या	एसएससी द्वारा नियुक्ति हेतु संस्तुतय अभ्यर्थियों की संख्या	आरआरबी द्वारा पैनल में लिए गए/भर्ती किए गए अभ्यर्थियों की संख्या	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में रोजगार (लाख में)
2009-10	**4506**	**10576**	**21107**	**14.90**
2010-11	**6015**	**23658**	**13155**	**14.40**
2011-12	**7935**	**84473**	**47572**	**14.50**
2012-13	**5707**	**63401**	**96352**	**14.02**
2013-14	**8852**	**48842**	**63431**	**13.49**
2014-15	**8358**	**58066**	**47186**	**12.91**
2015-16	**6877**	**25138**	**79803**	**11.85**
2016-17	**5740**	**68880**	**26318**	**11.35**
2017-18	**6314**	**45391**	**24462**	**10.88**
2018-19	**4422**	**16748**	**6493**	**एन.ए**

एन.ए.लागू नहीं

उपरोक्त आकड़ो में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा उनके समय के तंत्र, राज्य सरकारों, बैंकों, अन्य वित्तीय संस्थानों, विश्वविद्यालय, सार्वाधिक/स्वयतशासी निकायों द्वारा की गई भर्तीया तथा मंत्रालय/विभागों द्वारा बगैर यूपीएससी/एसएससी व रेलवे भर्ती अधिकारियों द्वारा सीधे ही की गई भर्ती या शामिल नहीं हैं।

(ग से ङ) प्राईवेट कंपनियों से संबंधी आकड़े केंद्रीय नहीं रखे जाते हैं।

*****